समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# IPL 2026: रिलीज और रिटेन हुई खिलाड़ियों की लिस्ट, देखे संभी 10 टीमों का पूरा विवरण

Publisher

Published on 15 Nov 2025



आईपीएल 2026 से पहले सभी फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों की रिलीज और रिटेन लिस्ट जारी कर दी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पिछला सीजन जीतकर सभी का ध्यान खींचा था। ट्रेड विंडो में कई बड़े खिलाड़ियों ने अपनी टीम बदली, वहीं आंद्रे रसेल और मथीशा पथिराना जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को रिलीज किया गया। आइए जानते हैं, सभी दस टीमों की पूरी स्थिति।

**लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG)** ने अपने कप्तान ऋषभ पंत सहित कुल 18 खिलाड़ियों को रिटेन किया, जिसमें एडेन मार्करम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वहीं आर्यन जुयाल, डेविड मिलर और शार्दुल ठाकुर को भी रिटेन किया गया।

**पंजाब किंग्स (PBKS)** ने प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य और युजवेंद्र चहल को रिटेन किया। ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस और आरोन हार्डी जैसे खिलाड़ी भी रिटेन हुए, जबकि कुछ बड़े खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया।

**रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु (RCB)** ने कप्तान रजत पाटीदार, विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रिटेन किया। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल जैसे खिलाड़ी भी टीम में बने रहे। वहीं स्वास्तिक चिकारा और मयंक अग्रवाल को रिलीज किया गया।

**राजस्थान रॉयल्स (RR)** ने यशस्वी जयसवाल, शिम्रोन हेटमायर और रविंद्र जडेजा (ट्रेड) को रिटेन किया, जबकि संजू सैमसन, वानिंदु हसरंगा और अन्य को रिलीज किया गया।

**दिल्ली कैपिटल्स (DC)** ने अक्षर पटेल, केएल राहुल और करुण नायर को रिटेन किया। मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस और जेक फ्रेजर-मैकगर्क को रिलीज किया गया।

**मुंबई इंडियंस (MI)** ने विल जैक्स, जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा को रिटेन किया। वहीं केएल श्रीजीत, रीस टॉपले और मुजीब

उर रहमान को रिलीज किया गया।

**सनराइजर्स हैदराबाद (SRH)** ने ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को रिटेन किया, जबकि मोहम्मद शमी और एडम जम्पा को रिलीज किया गया।

**गुजरात टाइटंस (GT)** ने कप्तान शुभमन गिल, राशिद खान और जोस बटलर को रिटेन किया। वहीं करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया और शेरफेन रदरफोर्ड को रिलीज किया गया।

**कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR)** ने रिंकू सिंह, अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन को रिटेन किया। आंद्रे रसेल, मोइन अली और चेतन सकारिया को रिलीज किया गया।

**चेन्नई सुपर किंग्स (CSK)** ने रुतुराज गायकवाड़, एमएस धोनी और संजू सैमसन (ट्रेड) को रिटेन किया। वहीं राहुल त्रिपाठी, रविंद्र जडेजा (ट्रेड) और मथीशा पथिराना को रिलीज किया गया।

आईपीएल 2026 के लिए खिलाड़ियों की इस रिलीज और रिटेन लिस्ट ने फ्रेंचाइजी की टीमों की ताकत और रणनीति को स्पष्ट किया है। बड़ी हस्तियों के रिलीज होने और नए खिलाड़ियों के शामिल होने से टीमों की कंपोज़िशन में बदलाव हुआ है। ऐसे में आगामी सीजन में किस टीम का पलड़ा भारी रहेगा, यह देखने योग्य रहेगा।

खासकर आंद्रे रसेल और मथीशा पथिराना जैसे मैच विजेता खिलाड़ियों के रिलीज होने से कई टीमों के लिए रणनीतिक विकल्प बदल गए हैं। वहीं, युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण से टीमों को नया अंदाज मिला है।

आईपीएल 2026 में अब दर्शकों की निगाहें उन टीमों पर होंगी, जिन्होंने अपने मुख्य खिलाड़ियों को रिटेन किया और जिन टीमों ने नई रणनीति के लिए बड़े बदलाव किए। इस सीजन का रोमांच पहले से कहीं ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.